9 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 5/10/2024 12:46 AM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 10 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

**तापमान**

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

6 ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, मौत चक्काजाम



## खबर संक्षेप

### माइनस कॉलोनी की कर्मियों को एक माह से पानी कि किल्लत

**कोरबा।** कटाईनारा एसईसीएल माइनस कॉलोनी में एक माह से पानी सप्लाई बंद है। एसईसीएल कर्मी एवं उनके परिवार को भीषण गर्मी में पानी आपूर्ति नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारियों के द्वारा आवेदन देने के बाद भी प्रबंधन समस्या को दूर करने ध्यान नहीं दे रहा है। एक ओर स्टाफ क्वार्टर में ऑफिसर लोगों के लिए दो टाइम पानी सप्लाई की जा रही है वहीं एसईसीएल कॉलोनी कटाईनार में एक माह से पानी सप्लाई बंद है। बताया जा रहा है कि पंप खराब है। इसे बदलने या सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। नगर निगम के द्वारा लगाए गए पंप पर एसईसीएल में कार्यरत 150 कर्मचारियों का परिवार निर्भर है।

### राष्ट्र सेविका समिति विभाग का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**कोरबा।** राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग का 5 दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग बांकीमोंगरा के ग्राम अरदा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ति के 189 सेविकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में 6 शिक्षिकाओं की मुख्य सहभागिता रही। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति के अनुरूप दिनचर्या का पालन करते हुए सेविकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के विभिन्न कार्यक्रम कराये गये। जिसमें मातृशक्ति को दण्ड एवं यष्ठी के अभ्यास, योगा आदि का शारीरिक प्रशिक्षण कराया गया एवं विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन विभिन्न वक्ताओं के द्वारा बौद्धिक का विषय रखा गया। राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग का यह प्रशिक्षण वर्ग 1 मई को प्रारंभ हुआ था जिसका समापन 5 मई को किया गया। इस वर्ग में वर्गाधिकारी राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख श्रीमती मंजू अजय दुबे थीं । जबकि वर्ग कार्यवाहिका सुश्री सरस्वती गबेल उपस्थित रहीं। उद्घाटन सत्र में बांकीमोंगरा के नागरिक एवं समाजसेवी प्रमोद अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ऐसे पुण्य कार्य के लिए सदैव खड़े रहेंगे। समापन अवसर पर डॉ. अंजू सिन्हा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्य शाली हैं, जिन्हें ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की सह प्रांत कार्यवाहिका श्रीमती अजिता गनोदवाले गोडवले थीं।

### बच्चों को दिया जा रहा फुटबॉल का प्रशिक्षण

**कोरबा।** बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती है बस जरूरत होती है उचित मार्गदर्शन और उसे निखरने की। कुछ इसी तरह की पहल यूथ फुटबॉल क्लब द्वारा की जा रही है। बच्चों को भविष्य के खिलाड़ी के रूप में तैयार किया जा रहा है। फुटबॉल क्लब के कोच राहुल दास द्वारा यह जिम्मेदारी उठाई गई है। प्रतिदिन दो पालियों में बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है। सुबह 6 से 8:30 तक और शाम 5 से 7 तक बच्चों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसईसीएल फुटबॉल मैदान में दो माह का फुटबॉल कैंप आयोजित किया गया है, जिसमें 35 से 40 बच्चे भाग ले रहे हैं। कोच राहुल दास के द्वारा बताया गया कि हाल ही में आयोजित एसजीएफआई, स्कूल गेम्स में यूथ फुटबाल क्लब के चार बच्चों का जिला स्तरीय के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में सुहेब शेख, अनिकेत किशोर पासवान, संजय सिंह, डेनियल तिर्की शामिल हैं। इनमें से सुहेब शेख का चयन कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

# लंबे समय से एक ही स्कूल पर जमे शिक्षकों का तैयार हो रहा डाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

प्रदेश के शहरी व ग्रामीण अंचलों में एक ही स्कूल में लंबे समय से पदस्थ शिक्षकों के स्थानांतरण की तैयारी चल रही है। स्कूल शुरू होने के पूर्व स्थानांतरण की प्रक्रिया को शुरू किए जाने का कवायद शुरू हो गई है। जिले में भी इस प्रक्रिया के तहत लंबे समय से पदस्थ शिक्षकों को बदला जाएगा। पिछले लंबे समय से शहरी क्षेत्र के शिक्षकों का स्थानांतरण ग्रामीण अंचल में नहीं हुआ है। वहीं ग्रामीण अंचल के कई स्कल ऐसे हैं जहां दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षकों की पदस्थापना नहीं है।

शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारी पूरे प्रदेश में की है। आदिवासी जिलों के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा व्यवस्था को दूरस्थ करने की दिशा पर सरकार ने ऐसे स्कूलों का डाटा तैयार कर रही है, जहां छात्रों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की पदस्थापना नहीं है वहां नये शिक्षकों की पदस्थापना होगी। कोरबा जिले में भी ऐसे स्कूल हैं जहां दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षक पदस्थ नहीं है। परिणाम स्वरूप ऐसे स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था भगवान ⏭ शेष पेज 5 पर

### स्कूल खुलने के पूर्व स्थानांतरण की तैयारी

**खास बातें**

- शहर के शिक्षकों को भेजा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र
- शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई




#### नहीं हुआ अटैचमेंट समाप्त

ग्रामीण अंचल के हायर सेकेंडरी व हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक अपने सोर्स से शहर के नामीग्रामी स्कूलों में अटैच करा लिए हैं। कई शिक्षक ऐसे हैं जो एक नहीं दो साल से अटैचमेंट में चल रहे हैं। ऐसे शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त करने का निर्देश शासन ने पहले ही जारी कर दिए हैं। बावजूद शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त करने की दिशा में अधिकारी गंभीर नहीं है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल के स्कूलों में लंबे समय से शिक्षक पदस्थ हैं उन्हें शहर के स्कूलों में आने का मौका नहीं मिला है। ऐसे शिक्षकों को शहरी क्षेत्र में पदस्थापना की भी तैयारी है।

### स्कूल के समय कलेक्टोरेट में मंडराते हैं शिक्षक

विभिन्न संगठनों से जुड़े शिक्षक संघ के पदाधिकारी स्कूल लगने के समय सुबह 10.30 से 4 बजे तक रहता है। इस समय अवधि में शिक्षक कलेक्टोरेट में मंडराते नजर आते हैं। कोई न कोई काम का बहाना लेकर नेतानुमा शिक्षक दफ्तर दफ्तार घूमते फिरते हैं, जबकि यह समय उनके स्कूल में पढ़ाने का रहता है। आश्चर्य की बात है कि स्कूल अविध में ग्रामीण अंचल के शिक्षक ब्लॉक मुख्यालय में तो शहरी क्षेत्र में पदस्थ शिक्षक कलेक्टोरेट में मंडराते हैं।

## हायर सेकेंड्री हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में बालिकाओं ने फिर मारी बाजी

# टॉप टेन मेरिट सूची में 10वीं की दो छात्रा तो 12वीं में एक छात्र ने बनाया अपना स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**इनसे है जिला गौरवान्वित : 10वीं- गामनी 98 प्रतिशत, कृतिका 97.17 प्रतिशत, 12वीं : शुभ 96 प्रतिशत**

माध्यमिक शिक्षा मंडल के गुरूवार को घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में जिले के दो छात्रोंओं सहित एक छात्र ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। वहीं जिले में बालिकाओं ने एक बार फिर परीक्षा परिणाम में बाजी मारी है। 10वीं का परीक्षा परिणाम 74.38 प्रतिशत वहीं 12वीं का 79.66 प्रतिशत रहा। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

जिले में इस बार बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा दिलाने हेतु छात्राओं की संख्या पहले से अधिक रही। 24 हजार से अधिक परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हुए थे। इनमें 10वीं में 13 हजार 887 कुल छात्र पंजीकृत थे। जिनमें 10 हजार 315 सफल हुए थे। इसी तरह 12वीं की परीक्षा हेतु 10396 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिनमें 8 हजार 235 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा एक सप्ताह पहले ही घोषणा कर दी गई थी। मतदान के ठीक एक दिन बात माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परिणाम घोषित किया गया। दोपर 12.30 बजे परिणाम की घोषणा करने के साथ सभी जिले में घोषणा कर दी गई। परीक्षार्थियों द्वारा रिजल्ट का अवलोकन ऑनलाईन किया गया।

**खास बात**

- 10वीं में 74.38 प्रतिशत, 12वीं में 79.66 प्रतिशत रहा जिले का परीक्षा परिणाम


अपने माता पिता के साथ गामिनी कंवर।


अपने माता पिता के साथ कृतिका कंवर।


अपने माता पिता के साथ शुभ अग्रवाल।

### सर्जन बनने का लक्ष्यः गामिनी

10वीं बोर्ड की परीक्षा में पांचवी रैंक हासिल करने वाली कोरबा की गामिनी कुमारी कंवर एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहती है। गामिनी ने कहा कि उसका सपना सर्जन डॉक्टर बनने का है। अगर वह इस सपने को पूरा करती हैं तो माता पिता के साथ मेरा भी जीवन सफल हो जाएगा। उनका कहना था कि परीक्षा की तैयारी के दौरान यह तय कर लिया था कि कितने समय में कितने प्रश्न को हल करना है ताकि उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंक मिल सके और उसी तैयारी के तहत उन्होंने बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र हल किए और उम्मीद थी कि सभी विषय में अच्छे नंबर आएंगे। मेरिट सूची में आने के सवाल पर गामिनी का कहना था कि छात्र अगर नियमित रूप से पढ़ाई कर प्रश्नों को हल करने की तैयारी करे तो सफलता जरूर मिलती है। पेशे से कृषक परिवार से संबंध रखने वाले गामिनी के पिता एसईसीएल के वर्कर हैं।

### डॉक्टर बनने का सपना : कृतिका

कृतिका कुमारी कंवर ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 10वां रैंक हासिल करने वाली कृतिका कंवर के पिता नेपाल सिंह पेशे से कृषक हैं और अपने गांव राल में किराना दुकान का संचालन करते हैं। बातचीत के दौरान कृतिका ने बताया कि वह स्कूल की पढ़ाई के भरोसे ही परीक्षा दिलाई है। आगे चलकर डॉक्टर बनने का उद्देश्य है ताकि गांव के ऐसे लोगों की सेवा कर सकूं जो चिकित्सा सुविधा से हमेशा दूर रहते हैं। पढ़ाई के दौरान उन्हें स्कूल के शिक्षकों ने ही मार्गदर्शन दिया है। वहीं माता पिता ने हमेशा पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कहते रहे हैं। जीवन का उद्देश्य है कि कुछ ऐसा काम किया जाए जिससे माता पिता का नाम रौशन हो सके। कृतिका की मानें तो ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई की समुचित सुविधा का सहारा केवल स्कूल के शिक्षक ही रहते हैं उनके मार्गदर्शन से ही छात्र सफल हो पाते हैं।

### सीए बनने का उद्देश्यः शुभ अग्रवाल

जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र रहे टॉप टेन में 5वां स्थान बनाने वाले शुभ अग्रवाल का कहना है कि वे सीए बनने का उद्देश्य रखे हैं। परिवार के और सदस्य भी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उन्हें देखकर उनका भी सपना चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का है और इसी उद्देश्य को साथ लेकर उन्होंने 10वीं के बाद वाणिज्य विषय का चयन किया। परीक्षा की तैयारी उन्होंने घर में ही रहकर की, इसके लिए उन्होंने ट्यूशन और कोचिंग का सहारा नहीं लिया। स्कूल के शिक्षकों द्वारा की गई पढ़ाई उनके कैरियर को आगे बढ़ाई है। शिक्षकों का मार्गदर्शन हमेशा परीक्षा के तैयारी के दौरान मिलता रहा है। पेशे से व्यवसायी जितेन्द्र अग्रवाल के पुत्र शुभ अग्रवाल चैतमा से प्रतिदिन बस से कटघोरा स्कूल आना जाना करते थे।

### परीक्षा परिणाम का विवरण

**कक्षा 12वीं (79.66 प्रतिशत)**

| | | |
|---|---|---|
| दर्ज परीक्षार्थी | बालक | बालिका |
| 10396 | 4349 | 6047 |
| सफल परीक्षार्थी | बालक | बालिका |
| 8235 | 3236 | 4999 |
| प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
| 603 | 1631 | 277 |

**कक्षा 10वीं (74.38 प्रतिशत)**

| | | |
|---|---|---|
| दर्ज परीक्षार्थी | बालक | बालिका |
| 13887 | 6170 | 7717 |
| सफल परीक्षार्थी | बालक | बालिका |
| 10315 | 4221 | 6094 |
| प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
| 547 | 1794 | 338 |

प्रदेश की टॉप टेन मेरिट सूची में जिले के 2 छात्रों ने अपना स्थान बनाया है। 10वीं में ढेलवाडीह सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा गामिनी कंवर ने टॉप टेन में 5वां स्थान बनाया है, तो वहीं कृतिका कुमारी कंवर ने टॉप टेन में 10वां स्थान बनाया है। इसी तरह 12वीं की टॉप टेन सूची में जय भारत इंग्लिश स्कूल कटघोरा के शुभ अग्रवाल ने 5वां स्थान बनाया है।

# मोबाइल की रोशनी में कराया गया प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लेमरु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी होने की वजह से स्वास्थ्य कर्मियों को मोबाइल फोन के टॉर्च की रौशनी में प्रसव कराना पड़ा है। हालांकि प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत वितरण विभाग की बदहाल विद्युत व्यवस्था की एक बार फिर पोल खुल गई है।

**खास बात**

- जहरीला सांप घुस आने से स्टाफ और मरीजों में मचा हड़कंप

शहर से दूर वनांचल क्षेत्रों में मुश्किलें बड़ी जल्दी जल्दी तो आती हैं पर राहत की जुगत काफी देर से हो पाती हैं। कुछ इसी तरह की परेशानी से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू का चिकित्सा स्टाफ और क्षेत्र के ग्रामीण गुजर रहे हैं। यहां मतदान के दिन से बिजली गुल हो गई। बुधवार की रात तक बिजली नहीं आई थी। सूचना के बाद भी बिजली कंपनी से राहत का फौरी इंतजाम नहीं हो सका।उधर सौर ऊर्जा का प्रबंध भी चौपट है। नतीजा ये कि प्रसव का एक केस स्वास्थ्य कर्मियों को अपने मोबाइल फोन के टॉर्च की रोशनी में निपटाना पड़ा। जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं। इसके बाद चोट से बेहाल एक बच्चे की मरहम पट्टी समेत अन्य उपचार भी इसी तरह मोबाइल टॉर्च के सहारे लिया गया। इतना ही नहीं, इसके बाद रात करीब साढ़े दस बजे हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टेशन के रूम नंबर 12 में एक जहरीले सांप घुस आने से स्टाफ और मरीजों में हडक़ंप मच गया। स्टाफ ने साहस बटोरकर किसी तरह सांप को बाहर निकाला।यह पहला मौका नहीं है जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या ग्राम लेमरू समेत इस क्षेत्र में बिजली बाधित होने की परेशानी निर्मित हुई है। ऐसा कई बार हो चुका है जब मरीजों का इलाज और प्रसव कैसे आपात मामले में भी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने मोबाइल टॉर्च या मोमबत्ती की रौशनी के सहारे चिकित्सा संबंधी सेवाएं जारी रखने का प्रबंध करना पड़ता है। इसके बाद भी बिजली विभाग की ओर से स्थाई रूप से निराकरण की पहल नहीं की जा रही है। इसका असर स्वास्थ्य सेवाओं और वनांचल के ग्रामीणों के उपचार पर पड़ रहा है।

# अमगांव दर्रा खांचा में मिट्टी व कोयला उत्खनन पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा अर्जित ग्राम अमगांव का सम्पूर्ण भूमि का अर्जन कर कोयला खनन विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में अर्जित क्षेत्र के दर्राखांचा, जोकाहीडबरी के क्षेत्र पर गेवरा क्षेत्र के बजाय एसईसीएल की दीपका क्षेत्र द्वारा रिहायसी क्षेत्र से मात्र 15 मीटर दूरी पर मिट्टी व कोयला उत्खनन का कार्य में विस्तार किया गया है जिसके कारण जानमाल को खतरा व प्रदुषण की भयंकर समस्या है। जबकि यहाँ पर निवासरत भूविस्थापितो की मुआवजा रोजगार बसाहट स्थल की समस्याओं का समाधान तक नहीं किया गया है और वार्ता में दिए गए आश्वसन पर कार्यवाही की नही जा रही है जिसके कारण भूविस्थापित परिवारों की ओर से मिट्टी व कोयला उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जा रही है ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुये ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने कलेक्टर और पर्यावरण सरंक्षण मंडल को शिकायत करते हुए माँग किया है कि जब तक गांव कीं सुरक्षा और समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तब तक इस क्षेत्र की उत्खनन कार्य को बंद रखा जाए।

**खास बात**

- रिहायशी क्षेत्र से महज 15 मीटर दूरी पर ब्लास्टिंग कर किया जा रहा उत्खनन

# बंद कमरे में मिली पति-पत्नी और मासूम की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरीचोली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश कमरे में देखी गई। बदहवाश परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मरने वालों में पति पत्नी और उनके दो साल की पुत्री भी शामिल है। कमरे में मिली दो लाशें बिस्तर में थी जबकि पति का शव बिस्तर से नीचे फर्श पर लहुलूहान हालत में बरामद किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घटना की तह तक जाने डॉग स्क्वाड और फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मदद ली गई। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को हत्या और हत्या के बाद आत्महत्या मानकर सभी एंगलों में जांच कर रही है।

यह सनसनीखेज वाक्या गुरुवार की सुबह सामने आया। कुकरीचोरी गांव में जयराम धोबी अपनी पत्नी सुजाता 27 वर्ष ⏭ शेष पेज 5 पर

**खास बातें**

- गले में फंदे और चोट के मिले निशान, पुलिस जुटी जांच में
- हत्या या हत्या के बाद आत्महत्या सभी एंगल पर पुलिस कर रही जांच


बंद कमरे में पड़ा मृतकों का शव।

### डॉग स्क्वाड एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट की ली गई मदद

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के आला अधिकारियों ने घटना की तह तक जाने के लिए डॉग स्क्वाड एवं फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम को मौके पर बुलाया। टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई पर कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी। मौके पर सीन ऑफ क्राइम के सदस्य भी पहुंचे। जिनके द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया।

### पीएम से होगा खुलासा

सूत्रों की मानें तो घटनास्थल का बारीकी से जायला लिया गया है। प्रथम दृष्टया मामले को हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस अब यह जानने में जुटी है कि तीनों की हत्या किसी और ने की है या फिर दो हत्याओं के बाद आत्महत्या की गई है। मामले की छानबीन के दौरान पुलिस की टीम ने मृतक के परिजनों का बयान भी कलमबद्ध किया है। इसके अलावा पुलिस यह जानने का भी प्रयास कर रही है कि मृतक जयराम का किसी से विवाद या पुरानी रंजिश तो नहीं था। फिलहाल पुलिस इस तिहरे हत्याकांड के मामले में सभी एंगल पर जांच कर रही है। पीएम के शुरुआती रिपोर्ट के बाद ही इस मामले का खुलासा होगा।

### हर बिंदू पर की जा रही जांच

ग्राम कुकरीचोली में 3 लोगों के शव मिलने की सूचना मिली थी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। पति पत्नी और उनके बच्ची की लाश बरामद की गई है। वारदात हत्या की है या फिर आत्महत्या या कोई और एंगल है हर बिंदू की जांच की जा रही है। एक्सपर्ट टीम की भी मदद ली गई है।

**-यूबीएस चौहान,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होगा विशेष पूजा अनुष्ठान



**हरदीबाजार।** सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज के द्वारा हरदीबाजार भाटापारा स्थित ब्राह्मण समाज भवन में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती अवसर पर सुबह 9 बजे विशेष पूजा अर्चना महा आरती किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहेंगे और ब्राह्मण समाज के इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। समाज के विप्रजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।



9 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 5/10/2024 12:43 AM Page 1



## दसीं के होनहार

| नाम | प्रतिशत | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| गामिनी कंवर | 98.00 | कोरबा | पांचवां |
| लुकेश्वर राजपूत | 97.83 | बालोद | छठवां |
| बबीता साहू | 97.83 | बालोद | छठवां |
| वंशिका साहू | 97.83 | राजनांदगांव | छठवां |
| जान्हवी पटेल | 97.83 | सक्ती | छठवां |
| दिमित्रा सिंह | 97.83 | जशपुर | छठवां |
| प्रीति सम्दूर | 97.83 | जशपुर | छठवां |
| रसिना चौहान | 97.83 | जशपुर | छठवां |
| आयुष सोनकर | 97.67 | धमतरी | सातवां |
| प्रेरणा साहू | 97.67 | महासमुंद | सातवां |
| मयंक कोर्राम | 97.67 | कांकेर | सातवां |
| पायल अधिकारी | 97.67 | कांकेर | सातवां |
| अंशिका गुप्ता | 97.67 | बलरामपुर | सातवां |
| उमा बारेथ | 97.67 | जशपुर | सातवां |
| करीना सिंह | 97.67 | जशपुर | सातवां |
| तोशन कुमार | 97.50 | बालोद | आठवां |
| खोमेंद्र कुमार | 97.50 | बालोद | आठवां |
| दुर्गारानी वर्मा | 97.50 | दुर्ग | आठवां |
| साक्षी साहू | 97.50 | बिलासपुर | आठवां |
| योगेश साहू | 97.50 | मुंगेली | आठवां |
| खुशी टुवानी | 97.33 | बालोद | नवमां |
| आर्या कश्यप | 97.33 | दुर्ग | नवमां |
| यशवंत कुमार | 97.33 | दुर्ग- | नवमां |
| शौर्य शुक्ला | 97.33 | गरियाबंद | नवमां |
| रिया साहू | 97.33 | महासमुंद | नवमां |
| देनिशा प्रधान | 97.33 | महासमुंद | नवमां |
| तनिषा सिंह | 97.33 | रायपुर | नवमां |
| प्रिया साहू | 97.33 | बिलासपुर | नवमां |
| वर्षा साहू | 97.33 | कांकेर | नवमां |
| माला बिस्वास | 97.33 | कांकेर | नवमां |
| तान्याश्री मढरिया | 97.33 | कांकेर- | नवमां |
| सलोनी सिंह | 97.33 | जशपुर | नवमां |
| हेमप्रज्ञा साहू | 97.17 | बालोद | दसवां |
| ऋतिक देवांगन | 97.17 | बालोद | दसवां |
| अक्षत सिन्हा | 97.17 | धमतरी | दसवां |
| रिया साहू | 97.17 | दुर्ग | दसवां |
| तेजस नायक | 97.17 | महासमुंद | दसवां |
| बॉबी मिंज | 97.17 | रायपुर | दसवां |
| जागृति प्रजापति | 97.17 | जांजगीर- | दसवां |
| कृतिका कुमारी | 97.17 | कोरबा | दसवां |
| करुणा कैव्रत | 97.17 | रायगढ़ | दसवां |
| बबीता पटेल | 97.17 | रायगढ़ | दसवां |
| राहुल गबेल | 97.17 | सक्ती | दसवां |
| मल्लिका मरकाम | 97.17 | कांकेर | दसवां |
| मोना यादव | 97.17 | जशपुर | दसवां |
| आयुष साहू | 97.17 | जशपुर | दसवां |
| शिप्रा तिवारी | 97.17 | मनेंद्रगढ़-चिरमरी | दसवां |
| श्रेजल ध्रुव | 97.50 | बेमेतरा | नौवां |

# कामयाबी ने दिए सपनों को पंख...बनना है कलेक्टर, डॉक्टर और इंजीनियर

रायपुर। दसवीं-बारहवीं के टॉप टेन में जगह बनाने वाले होनहारों की कामयाबी ने उनके सपनों को पंख दे दिए हैं। कोई इंजीनियर बनना चाहता है तो किसी का सपना डॉक्टर बनने की है। आईएएस की ख्वाहिश रखने वाले भी कम नहीं हैं। उनके कड़ी मेहनत, जोश और जज्बे को देखकर कहा जा सकता है कि अपने सपनों को मुकाम तक पहुंचाने उनकी कोशिश जारी रहेगी। इन होनहारों ने बातचीत में हरभूमि से खुलकर अपनी ख्वाहिशें रखीं।

## श्रेयांश को मिला शिक्षक के साथ माता-पिता का मार्गदर्शन

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले श्रेयांश कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में 10 वीं बोर्ड में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। श्रेयांश का कहना है कि कड़ी मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उसने कहा की स्कूल के अलावा 6 से 7 घंटे पढ़ाई करके मैंने ये स्थान




हासिल किया है। उन्होंने बताया की स्कूल के शिक्षक,ट्यूशन पढ़ने वाले सर, माता-पिता सभी का सहयोग और मार्गदर्शन से मैंने ये स्थान हासिल किया है। घर में भी पढ़ाई का माहौल है क्योंकि बड़े पापा,मेरे पापा, बूआ सभी शिक्षक है सभी का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहता है। आगे और ज्यादा मेहनत करना है और प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छा रखता हूं।

## आयुषी बनना चाहती है चार्टर्ड अकाउंटेंट




**जशपुरनगर ।** 12 वीं कक्षा में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाली आयुषी गुप्ता ने जशपुर जिले का नाम रौशन किया है। आयुषी ने कॉमर्स विषय के साथ 96.80 प्रतिशत लाया है। आयुषी का सपना है कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट बने इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर सपना पूरा करने पूरी मेहनत से आगे की पढ़ाई करती रहेगी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर में पढ़ने वाली कक्षा 12 वीं की छात्रा आयुषी गुप्ता ने बताया कि रोजाना पूरी ईमानदारी से कड़ी पढ़ाई कर सफलता हासिल किया है। इसमें परिवार वालों के साथ शिक्षकों का योगदान भी अतुलनीय रहा है। घर में पढ़ाई करने के साथ साथ पढ़ाई के लिए उचित माहौल के लिए उन्होंने लाइब्रेरी का सहारा भी लिया, जहां वह एकांत में पढ़ाई की है। स्कूल के शिक्षकों ने भी उन्हें मार्गदर्शन देने के साथ साथ भरपूर सहयोग किया है। वह आगे जाकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है। इसके लिए वह पूरी लगन के साथ आगे बीकॉम की पढ़ाई करेगी। पिता मुकेश गुप्ता का सी मार्ट के बगल में चौपाटी है, जहां परिवारजन दिन-रात मेहनत कर परिवार का पालन पोषण करते हैं।

## अर्पिता की ख्वाहिश इंजीनियर बनने की

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्था जशपुर की छात्रा अर्पिता शैली कुजुर ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अर्पिता इंजीनियर बन देश की सेवा करना चाहती है। बताना लाजमी है कि संकल्प जिले के प्रतिभावान आदिम जाति जनजाति से आने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रशिक्षण देती है। कांसाबेल विकासखंड के घोघरा ग्राम पंचायत में आनेवाले तिलंगा गांव की अर्पिता 9 वीं से ही संकल्प शिक्षण संस्था के माध्यम से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में पढ़ाई करती आ रही है। अर्पिता ने इस सफलता का श्रेय माता पिता ओर संकल्प के शिक्षकों को दिया है जिनके मार्गदर्शन में उसने यह सफलता पाई है। अर्पिता के पिता समीर कुजुर पेशे से शिक्षक हैं और माता मंजू कुजुर हैं।

### पालक शिक्षक, चाहत है प्रोफेसर बनना

**बेमेतरा।** दसवीं की छात्रा श्रेजल ध्रुव ने 9वां स्थान प्राप्त किया है। श्रेजल प्रोफेसर बनने की इच्छा रखती है। माता-पिता भी शिक्षक ही हैं पिता संतोष ध्रुव पूर्व माध्यमिक शाला उमरिया के शिक्षक हैं तथा माता योगेश्वरी ध्रुव ग्राम ओड़िया में हाई स्कूल में कार्यरत हैं। श्रेजल ने बताया, स्कूल की छात्रा पूजा विश्वास ने उसे सूचना दी कि उसका नाम प्रावीण्य सूची में है। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अलका तिवारी ने कहा उन्हें इस बात की भरोसा अवश्य ही था कि उनकी स्कूल की छात्रा निश्चित रूप से प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएगी।

श्रेजल ध्रुव

## प्रावीण्य सूची के होनहार

| नाम | प्रतिशत | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| हिमांशी | 95.80 | रायपुर | छठवां |
| वेदिका निषाद | 95.60 | कांकेर | सातवां |
| पियुष कुमार | 95.60 | बलरामपुर | सातवां |
| कंकना घरामी | 95.40 | कांकेर | आठवां |
| यमुना | 95.20 | कबीरधाम | नौवां |
| रिफा जावेरी | 95.20 | कबीरधाम | नौवां |
| साहिल खान | 95.20 | बलरामपुर | नौवां |
| नीरज शर्मा | 95.20 | सूरजपुर | नौवां |
| भावना साहू | 95.00 | दुर्ग | दसवां |
| निधि गोगाड | 95.00 | कांकेर | दसवां |

### पिता गांव में शिक्षक सिविल सर्विसेज है लक्ष्य


**बालोद।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बालोद की छात्रा डॉली साहू ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। डॉली के पिता पुषण साहू व्याख्याता हैं। माता-पिता ने डॉली को प्रोत्साहित किया। डॉली साहू ने बताया कि दिन में तीन से चार घंटे की पढ़ाई करती थी। ग्राम कन्नेवाड़ा में शिक्षक के पद पर पदस्थ पिता पुषण साहू ने बताया कि बेटी जो आगे पढ़ना चाहती है, आगे पढ़ाने के लिए तैयार हूं। डॉली साहू ने बताया, आगे की पढ़ाई वह गणित विषय लेकर करेगी। डॉली साहू ने कहा कि वह सिविल सर्विसेज की तैयारी करेगी। मां बिंदिया साहू गृहणी है। मां ने सिर्फ 12वीं तक पढ़ाई की है, लेकिन बेटी को हमेशा प्रेरित किया।

### पिता चलाते हैं बस स्टैंड में फोटोकॉपी दुकान, बनना है प्रोफेसर

बलौदाबाजार। डॉली पटेल ने 12वीं में 95.8 फीसदी अंक लेकर राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया है। एक मध्यम वर्गीय परिवार की छात्रा डॉली के पिता लखन लाल पटेल नया बस स्टैंड परिसर में फोटो कापी दुकान का संचालन करते हैं। माता कुसुम लता पटेल भी उनके काम में हाथ बंटाती है। डाली के 2 छोटे भाई-बहन है। डॉली कहती हैं, वर्षभर सभी विषयों का नियमित एवं गहन अध्ययन किया है। पिता दिनभर व्यस्त होने के बावजूद स्कूल लेने और छोड़ने जाते थे। दसवीं में कुछ अंकों से प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने से चूक जाने के बाद डाली ने तय कर लिया था कि 12वीं में कड़ी मेहनत कर टॉप-10 में जगह बनाएंगी। आगे प्रोफेसर बनने की चाह है।

## पिता कृषि मंडी में कर्मचारी, हौसला बढ़ाते रहा बड़ा भाई

**कुरुद।** 10वीं बोर्ड में आत्मानंद स्कूल कुरूद से आयुष सोनकर ने 97.67 प्रतिशत संग सातवां स्थान प्राप्त किया है। पिता राजेश सोनकर धमतरी कृषि उपज मंडी में कर्मचारी है। आयुष ने बताया, वह रोजाना चार से पांच घंटे की पढ़ाई करता था। आगे डॉक्टर बनने की चाहत है। परीक्षा के पहले लगभग तीन माह कोचिंग ली। परिवार वालों का बहुत सपोर्ट रहा। मां हमेशा ख्याल रखती थीं। बड़े भाई 12वीं कक्षा में हैं। खुद पढ़ाई करने के साथ उनका भी हौसला बढ़ाते रहा।




## पिता बनाते हैं मूर्ति, दसवीं में एक अंक से चूका था टॉप-10 में

**मगरलोड।** 12वीं बोर्ड में शासकीय उमावि भोथीडीह के छात्र समीर चक्रधारी ने 96.60 प्रतिशत अंक लेकर राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया है। समीर ने बताया, वह शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक और सुबह 4 बजे से 8:30 बजे तक पढ़ाई करता था। गणित विषय लेकर 12वीं करने वाले समीर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उसने बताया, पेपर के दौरान सोशल मीडिया, मोबाइल से दूर रहा। उसे क्रिकेट खेलना पसंद है। इस बार मेरिट में आने की पूरी उम्मीद थी। पिता पुनेश्वर ने बताया कि उसका मुख्य व्यवसाय मूर्तिकारी के अलावा किसानी है। समीर दसवीं में एक अंक से टॉपटेन में आने से चूक गया था।




## सोशल मीडिया से दूरी का मिला फायदा

**धमतरी।** अक्षत ने मोबाइल का सदुपयोग किया। सोशल मीडिया से दूरी बनाई, लेकिन पढ़ाई के लिए यू-ट्यूब सहित अन्य साइट का उपयोग किया। परीक्षा नजदीक आते ही 5-6 घंटे की पढ़ाई शुरू कर दी। इसका सार्थक परिणाम आया। 97.17 प्रतिशत अंक लेकर वह दसवीं में 10वें स्थान पर है। उनके पिता दिलीप सिन्हा लिमतरा मिडिल स्कूल में गणित शिक्षक है। माता निर्मला सिन्हा रावां स्कूल में पीटीई हैं। माता-पिता दोनों के शिक्षक होने का लाभ अक्षत को मिला। पिता कोर्स का डाउट क्लीयर करते थे, तो वहीं मां रिविजन करवाती थी। अक्षत का लक्ष्य साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। बड़ा भाई विजय सिन्हा रायपुर में बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है।




# आने वाली थी बारात, अफसरों ने रूकवाया बाल विवाह

**अकलतरा।** ग्राम अकलतरी में एक नाबालिग लड़की का विवाह कराया जा रहा था। जिला प्रशासन को इसकी सूचना मिलने पर अधिकारियों के द्वारा विवाह स्थल पर पहुंचकर नाबालिग लड़की का जन्म प्रमाण पत्र मांगा गया। जन्म प्रमाण पत्र में नाबालिग लड़की की उम्र 17 वर्ष 9 माह होना पाए जाने पर नाबालिक लड़की के विवाह को रोका गया। इस संबंध में जिला बाल सरंक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत अकलतरी में एक ही परिवार की 2 बालिकाओं का विवाह निर्धारित था। दोनों में से एक लड़की के नाबालिग होने की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग व पुलिस विभाग की टीम द्वारा दोनो बहनो की आयु सत्यापन संबंधी दस्तावेज की जांच गयी। बड़ी बहन की उम्र 20 वर्ष से ऊपर होना पाया गया एवं छोटी बालिका के दस्तावेज की जांच की गयी जहां बालिका की उम्र 17 वर्ष 09 माह होना पायी। प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा बालिका एवं उसके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करने की समझाईश दी गई। अधिकारियों के समझाइश के बाद स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालक के माता-पिता की सहमति से बालिका का विवाह रोका गया है। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, टेंट प्रभारी, डीजे साउंड, धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया ,हलवाई, केटरिंग प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है। अधिनियम के के अंतर्गत आरोपियों को 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

**खास बात**

- अधिनियम के तहत 2 वर्ष की सजा से किया जाता है दंडित



परिजनों को समझाईश देते अफसरों की टीम।

# पुलिस बताकर धमकाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर

स्वयं को पुलिस बताकर रुपए लूटने व धमकाने के मामले में 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से बाइक व शराब को जब्त किया है। इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिरगहनी के सरोज केंवट, विक्रम दास महंत और लछनपुर के पुरुषोत्तम साहू ने गैंग बनाई थी। तीनों जिले की विभिन्न शराब दुकानों के पास जाकर शराब खरीदने आए ग्राहकों की जांच करते थे। खुद को पुलिस बताकर ये तीनों उन लोगों को डराते भी थे। जांच के दौरान यदि किसी के पास अधिक शराब मिलती थी तो उसे आबकारी अधिनियम के तहत केस बनाने व जेल भेज देने की बात कह कर डराते थे। पुलिस ने तीन आरोपियों को पगिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- सिटी कोतवाली के बिरगहनी का मामला

***चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी को पकड़ा :*** अकलतरा नगर में वार्ड क्रमांक 8 शास्त्री चौक के पास कई दिनों से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग को मोहल्ले वासियों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। अकलतरा के वार्ड क्रमांक 8 सांई मंदिर के पास के घरों में लगातार नगदी एवं सामान की चोरी हो रही थी। इस घटना को अंजाम दे रहा था। कुछ दिन पहले ही मोहल्लावासी दीपक भोजासिया के घर में रखी साइकिल की चोरी हुई थी। मोहल्लेवासी आक्रोशित हो गए और फिर उन्हों ने पुलिस से संपर्क किया तो थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया।




*लोकसभा चुनाव में इस बार देश के कई राज्यों में मतदान के आंकड़ों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कई राज्यों में मतदान घट गया है, पर सुकून की बात यह है कि छग की कई सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। यहां तक कि रायपुर लोकसभा ने भी बाजी मार ली। पिछले चुनाव के मुकाबले यहां वोटिंग का आंकड़ा बढ़ा है। यह सब हुआ है प्रशासन की ऐहतियाती तैयारी और कड़ी मशक्कत के साथ अभिनव प्रयोग से। कलेक्टर गौरव सिंह ने चावल-पाती के साथ मतदाताओं को न्योता देने से लेकर बूथों पर स्वागत-सत्कार जैसे प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया, जो सफल रहा।*

मप्र की राजधानी भोपाल पिछड़ गया, पर छग की राजधानी रायपुर में कमाल, पिछले चुनाव से वोटिंग ज्यादा

# देश में घटा मतदान, पर छग में बढ़ा, रायपुर ने भी मारी बाजी, प्रशासन का प्रयोग रहा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छग में तीसरे चरण की वोटिंग पर नजर डालें तो यह संतोषप्रद है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में राज्य में इस बार 1.31 प्रतिशत वोटिंग बढ़ी है। रायपुर लोकसभा भी वोटिंग प्रतिशत में आगे रहा है। रायपुर लोकसभा में भी इस बार 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो पिछले चुनाव से 0.82 प्रतिशत अधिक है। जिला प्रशासन ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता अभियान के तहत कई सराहनीय प्रयास किए हैं। इसमें कई जगहों पर बैनर-पोस्टर के साथ स्वीप अभियान के तहत कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता, घर-घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर भी मतदाताओं को जागरूक किया है। प्रशासन के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी मिले, जिससे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी शासकीय , गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में तीन चरणों में हुए मतदान में कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

**प्रदेश में 72.8 % मतदान इस बार 1.31% ज्यादा पड़े वोट**



**तीसरे चरण के मतदान के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| सरगुजा | 79.89 |
| रायगढ़ | 78.85 |
| कोरबा | 75.63 |
| दुर्ग | 73.68 |
| जांजगीर-चांपा | 67.56 |
| रायपुर | 66.82 |
| बिलासपुर | 64.77 |




रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार कुल 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है जो पिछले चुनाव की तुलना में .82 प्रतिशत ज्यादा है। रायपुर में सबसे ज्यादा अभनपुर विधानसभा में 81.19 प्रतिशत वोटिंग हुई है, वहीं धरसींवा में 75.64, रायपुर ग्रामीण में 59.24%, रायपुर पश्चिम में 56.65%, रायपुर उत्तर में 57.71%, रायपुर दक्षिण में 61.42%, आरंग में 72.73% वोट पड़े है। इसके अलावा बलौदाबाजार में 73.24% तथा भाटापारा विधानसभा में 69.53 % वोटिंग हुई है।

**रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 66.82% वोटिंग अभनपुर में सबसे ज्यादा**

## सकारात्मक प्रयास से बढ़ी वोटिंग : कलेक्टर गौरव सिंह



रायपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ा इस पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने इस बार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई आयोजन किए। इन आयोजनों के दौरान पहली बार घर-घर मतदाताओं को पीले रंग वाले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) देकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने प्रेरित किया है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 7 लाख मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र दिया गया। इसके अलावा कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को मतदान जागरूकता का संदेश दिया।

## सोशल मीडिया

### पित्रोदा को जितने जूते मारें, उतने कम हैं : लक्ष्मण सिंह



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने पूर्व ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा को जूते मारने की बात कह है। लक्ष्मण सिंह ने एक्स पर लिखते हुए कहा कि "सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक है। इसमें जितने जूते मारे उतने कम हैं। "लक्ष्मण सिंह के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। गौरतलब है, पित्रोदा ने नार्थ ईस्ट, दक्षिण सहित अन्य राज्य के लोगों के रंग पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद हो गया है, देशभर में उनकी आलोचना हो रही है।

### 'बांटो और राज करो' कांग्रेस की नीति : मुख्यमंत्री योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को जमकर घेरा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वह कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की 'बांटो और राज करो' की जो नीति है उसी को सैम पित्रोदा आज बयान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को 1947 में बांटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप कांग्रेस ने किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है और यह बयान 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है।

## '15 मिनट नहीं, बस 15 सेकेंड के लिए हट जाए पुलिस तो'

**नवनीत राणा ने दी ओवैसी बंधुओं को चुनौती**



**हैदराबाद।** देश में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चौथे चरण की वोटिंग से पहले एक बार फिर सियासी लड़ाई हेट स्पीच तक आ पहुंची है। बीजेपी नेता और अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने हैदराबाद में ओवैसी भाइयों को खुली चुनौती दी है। बीजेपी प्रत्याशी माधवी लता के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंची राणा ने कहा, 'छोटा बोलता है कि, पुलिस को 15 मिनट हटा दो तो हम दिखाएंगे की क्या कर सकते हैं। छोटे को मेरा कहना है, तुझे 15 मिनट लगेंगे छोटे, हमको सिर्फ 15 सेकंड लगेंगे। 15 सेकेंड के लिए अगर पुलिस को हटाया तो छोटे-बड़े को ये पता नहीं लगेगा कि कहां से आया कहां को गया।' बता दें कि एएमआईएम प्रमुख के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने साल 2013 में दी गई एक हेट स्पीच में कहा था कि अगर पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा लिया जाए तो हम 25 करोड़ (मुस्लिम)

### 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए : ओवैसी

इधर, अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार राणा के बयान पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा, 'मैं पीएम मोदी से कह रहा हूं कि आप 15 सेकंड दें। 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए। प्रधानमंत्री के पास ये अख्तियार है। हम तैयार हैं, हम डरने वाले नहीं हैं। हम भी यह देखना चाहते हैं कि आपमें कितनी इंसानियत बची है। हमको बता दीजिए कहां पर आना है, हम आ जाते हैं।

## 'बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है, यौन शोषण का आरोप झूठा'

**बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपी के कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप से लेकर बेटे को बीजेपी का टिकट पर बातचीत की। बृजभूषण सिंह ने बेटे के टिकट को लेकर कहा, बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है। अगर पार्टी ने मेरे बेटे को टिकट नहीं दिया होता तो आप कह सकते थे कि पार्टी मेरे साथ नहीं खड़ी है। बता दें कि महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से बृजभूषण के बेटे करण भूषण को मैदान में उतारा है। बृजभूषण ने कहा, इसे किसी भी तरह से देखा जा सकता है। अपने बेटे को उत्तराधिकारी के रूप में देखना एक पिता के लिए बहुत संतोषजनक है। बृजभूषण छह बार के सांसद हैं।

### 'खुद फांसी पर लटक जाऊंगा'

महिला पहलवानों से यौन शोषण मामले को लेकर बृजभूषण ने कहा, हम इस केस में निर्दोष निकलेंगे। सारे आरोप गलत हैं। कुछ नहीं हुआ है। सिर्फ झूठ ही झूठ है। सच्चाई सामने आएगी। अगर एक भी प्रकरण साबित हो जाएगा कि हां मैंने किसी के साथ कोई शरारत की है तो स्वतः फांसी पर लटक जाऊंगा। जो मेरा पूर्व का बयान है, उसी पर कायम हूं।

**बृजमोहन-विकास कार्यकर्ताओं से ले रहे फीडबैक तो शिव डहरिया परिवार को दे रहे समय**

# चुनाव से लौटे, पर फुर्सत अभी नहीं, सरोज उप्र विजय प्रयागराज और देवेंद्र जाएंगे रायबरेली

*छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कुछ प्रत्याशी जहां दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार करने जाने वाले हैं, वहीं कुछ ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलना-जुलना जारी रखा है। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं। पार्टी का निर्देश मिलने पर ये दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, भिलाई

दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल 12 मई से प्रयागराज जाएंगे। कोरबा से चुनाव लड़ने वाली सरोज पांडेय फिलहाल अपने बीमार पिता के साथ हैं। वह जल्द ही उत्तर प्रदेश जाएंगी। राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां जाने के निर्देश दिए हैं। बिलासपुर से चुनाव लड़ने वाले देवेंद्र यादव अभी परिवार के साथ व्यस्त हैं। लेकिन वे भी आज-कल में रायबरेली जाएंगे जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी शिव डहरिया परिवार के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय कोरबा से लौटते समय बिलासपुर महामाया मंदिर में दर्शन करने के बाद बुधवार देर रात रिसाली स्थित अपने घर पहुंची। विश्राम करने के बाद डॉ. पांडेय गुरुवार की सुबह सबसे पहले सेक्टर-9 स्थित अस्पताल में भर्ती अपने पिता श्यामजी पांडेय से मिलने पहुंची। डॉ. सरोज ने अपने पिता से आशीर्वाद लिया और घंटों एकांत में अपने पिता के साथ रही। श्यामजी पांडेय अस्वस्थ हैं और उनका उपचार सेक्टर-9 अस्पताल में जारी है। पिता से मिलने के बाद डॉ. सरोज सेक्टर-9 के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य को लेकर बातचीत की। अस्पताल से लौटकर डॉ. सरोज ने अपने बड़े भाई राकेश पांडेय, भाभी और बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। कुछ एक परिचितों से भी मुलाकात की। जानकारी के अनुसार डॉ. सरोज पांडेय जल्द उत्तर प्रदेश जाएंगी। वहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी द्वारा दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन करेंगी।

### देवेंद्र अभी परिवार के बीच

बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव बुधवार तकरीबन रात 1:30 बजे भिलाई स्थित सेक्टर-5 पहुंचे। रात को आराम करने के बाद गुरुवार की सुबह देवेंद्र यादव अपनी पत्नी डॉ. श्रुतिका के हाथों बनाया गरमा गरम नाश्ता किया। उसके बाद मां पुष्पा यादव और बेटे राम के साथ समय व्यतीत किया। देवेंद्र ने घर पर बेटे राम के साथ जमकर मस्ती की। दोपहर का भोजन करने के बाद चुनावी थकान मिटाने आराम करना मुनासिब समझा। जानकारी के अनुसार विधायक देवेंद्र यादव आज-कल में रायबरेली उत्तर प्रदेश जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के चुनावी अभियान को गति देंगे।

### विजय बोले- करेंगे गंगा के दर्शन

दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ने बताया, पार्टी के निर्देश पर वे 12 मई को प्रयागराज जा रहे हैं। वहां पर भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में काम करेंगे। उन्होंने कहा, फिलहाल किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम नहीं है, लेकिन प्रयागराज जा रहे हैं तो वहां पर गंगाजी का दर्शन करके डुबकी लगाएंगे।

### बृजमोहन-विकास की कार्यकर्ताओं से चर्चा

*रायपुर लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद बृजमोहन अग्रवाल के निवास में कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है। लगातार उनसे मिलने के लिए कार्यकर्ता आ रहे हैं और अभी से उनको बधाई दे रहे हैं। सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि बड़े अंतर से जीत मिलेगी। श्री अग्रवाल भी आने वाले समय में पार्टी का निर्देश मिलने पर दूसरे राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बताया वे अभी तो कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं, लेकिन जल्द ही पार्टी का निर्देश मिलने पर वे किसी राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*

**तेलंगाना में बोले गृह मंत्री अमित शाह**

# 'राहुल की चाइनीज गारंटी' वर्सेज 'पीएम मोदी की भारतीय गारंटी'

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की वोटिंग का वक्त नजदीक आ गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस को सीधे निशाने पर लिया। शाह ने कहा, 2024 का चुनाव राहुल गांधी विरुद्ध नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद विरुद्ध वोट फॉर विकास का चुनाव है। यह चुनाव अपने परिवार के कल्याण विरुद्ध देश की जनता के कल्याण का चुनाव है। यह चुनाव राहुल गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ....मोदी की भारतीय गारंटी का चुनाव है। शाह का कहना था कि तुष्टिकरण की जो एबीसी है न, इसका मतलब है- ए से असउद्दीन ओवैसी, बी से बीआरएस, सी से कांग्रेस पार्टी।



### तेलंगाना में इस बार 10 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरे नहीं करती है। हालांकि, पीएम मोदी अपनी गारंटी पर कायम हैं। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म किया, ताकि अनंत काल तक कश्मीर में तिरंगा लहराता रहे। शाह का कहना था कि 2019 में तेलंगाना की जनता ने हमें 4 सीटें दीं. इस बार हम तेलंगाना में 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे। तेलंगाना में यह डबल डिजिट स्कोर पीएम मोदी को 400 सीटों के पार पहुंचा देगा। कांग्रेस चाहती है- झूठ बोलकर चुनाव लड़ना. वो कहते हैं कि अगर पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे।

**रायबरेली में प्रियंका गांधी ने साधा निशाना**

# 'बीजेपी की मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी'

एजेंसी ▶▶| रायबरेली

गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पहुंची हैं। यहां पर एक जनसभा में प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी हुई है। बीजेपी को टारगेट करते हुए यह भी कहा कि पार्टी धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बोलती है लेकिन असल मुद्दों पर बात करने से बचती है। रायबरेली में प्रियंका ने कहा कि यहां के लोग नेताओं को सही तरीके सा जानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जब इंदिरा गांधी की नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने इंदिरा गांधी को हरा दिया। इंदिरा गांधी गुस्सा नहीं हुईं और उन्होंने आत्ममंथन किया। आपने उनको दोबारा से चुना। यही तो रायबरेली की खासियत है कि वह नेताओं को सही से समझते हैं।



### अंबानी-अदाणी को लेकर भी बीजेपी पर निशाना साधा

प्रियंका ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राहुल गांधी अदाणी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई यह है कि राहुल गांधी रोजाना अदाणी के बारे में बात करते हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी भी उनका नाम लेने के लिए मजबूर हैं। 'पीएम मोदी के 400 सीटों की जरूरत है इसलिए कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला नहीं लगा सकती' वाले बयान पर टिप्पणी करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरासर झूठ है। कांग्रेस ने बार-बार कहा है कि हर कोई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करेगा और आगे भी करते रहेंगे।

**वर्तमान लोस अध्यक्ष ओम बिरला तोड़ पाएंगे मिथक, दिलचस्प होगा यह चुनाव**

# 1999 के बाद से कोई स्पीकर दोबारा नहीं पहुंचा संसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान में चंबल नदी के किनारे बसा कोटा देश की शैक्षिक राजधानी बन चुकी है, लेकिन राजनीतिक नक्शे पर भी इसकी अहमियत काफी ज्यादा है। कोटा का लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। इस बार बीजेपी ने यहां से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने प्रह्लाद गुंजल को टिकट दिया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चुनाव जीतकर फिर से संसद जाना काफी चुनौती भरा हो सकता है। क्योंकि पिछले कुछ चुनाव के आकड़ों पर नजर डालें तो जो कोई भी लोकसभा स्पीकर बना है वह दोबारा से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद नहीं पहुंच सका है।

### जीएमसी बालयोगी



अब सबसे पहले बात करतें है जीएमसी बालयोगी की। अक्टूबर 1999 में जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी पीएम थे। तो तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएमसी बालयोगी को लोकसभा का स्पीकर बनाया गया। हालांकि, वे ज्यादा लंबे समय तक स्पीकर के पद पर नहीं रह सके। 3 मार्च 2002 को कैकालुर आंध्र प्रदेश में एक हेलीकॉप्टर हादसे में उनका निधन हो गया।

### मनोहर जोशी



हेलीकॉप्टर हादसे में निधन के बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में शिवसेना के नेता मनोहर जोशी को लोकसभा का स्पीकर चुना गया था। 2 साल 23 दिनों तक स्पीकर रहने के बाद जब साल 2004 में लोकसभा के इलेक्शन हुए तो जोशी मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। राजनीति में मजबूत पकड़ के बावजूद वे हार गए।

### सोमनाथ चटर्जी



2004 में यूपीए की सरकार ने दोबारा से सत्ता में वापसी की। तब सबकी सहमति से चटर्जी अध्यक्ष बने। वे पश्चिम बंगाल की बोलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे थे। साल 2008 में अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील पर पार्टी का विरोध करने पर वे 23 जुलाई 2008 को सीपीएम ने निलंबित हुए। अगस्त 2008 में उन्होंने सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राजनीति को अलविदा कह दिया।

### मीरा कुमार



2009 में यूपीए सरकार ने फिर से सत्ता में वापसी की। मनमोहन सिंह दोबारा से देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने मीरा कुमार को कैबिनेट में मंत्री बनाया। हालांकि, कुछ दिनों के बाद ही उन्हें लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में सासाराम से ही उन्हें बीजेपी के छेदी पासवान से हार का सामना करना पड़ा और वह संसद नहीं पहुंच सकीं।

### सुमित्रा महाजन



2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और इंदौर लोकसभा सीट से लगातार 8 बार चुनाव जीतने वाली सुमित्रा महाजन को सर्वसम्मति से स्पीकर बनाया गया। जब साल 2019 के चुनाव में टिकट के बंटवारे को लेकर चर्चा की जा रही थी तो उस समय सुमित्रा की उम्र को देखकर उनके नाम का ऐलान करने में देरी हो रही थी। पार्टी की हिचकिचाहट को देखते हुए सुमित्रा ने खुद ही चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी।

### ओम बिरला



2019 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनी। इस बार भारतीय जनता पार्टी के कोटा सांसद ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया गया। बीजेपी ने फिर से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ओम बिरला को ही कोटा से टिकट दिया है। उनके सामने बीजेपी से कांग्रेस में शामिल होकर आए प्रहलाद गुंजल से कड़ी टक्कर है। इस सीट पर रोचक मुकाबला होगा।

## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो ग्रामीणों पर भालुओं ने किया हमला

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता की खरीदी 9 मई से शुरू होनी है जिसकी तैयारियां विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है। बुधवार की शाम ग्राम झरिमिटी एवं गुरुवार की सुबह घाटबर्रा के पेंड्राबर्रा जंगल में भालुओं के हमले से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। एक की हालत काफी गंभीर होने के कारण उसे रायपुर रेफर किया गया है। बुधवार की शाम 6 बजे ग्राम झिरमिटी निवासी अजय ठाकुर के परिजन तेंदू पत्ता एकत्र कर रहे थे तथा अजय ठाकुर तेंदूपत्ता को बांधने के लिए बरगद की रस्सी निकाल रहा था। इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर उसके हाथ पैर, सिर व कमर के हिस्से को नोच डाला जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल परिजन अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की हालत नाजुक होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है। दूसरी घटना में गुरुवार की सुबह तुरिया वीरा निवासी फुलमेत पति रतिराम (40 वर्ष) गांव के अन्य लोगों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने सुबह 5.30 बजे पेंड्रामार जंगल में गई थी। इसी दौरान भालू ने हमला कर दिया जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गई। भालू ने उसके हाथ-पैर, गर्दन व शरीर के अन्य अंगों को नाखून से नोच डाला। महिला के अचेत हो जाने पर भालू ने उसे मृत समझ कर चला गया। इधर घायल महिला ने अपने मोबाइल से गांव के ही मंगलसाय को घटना की सूचना दी। गांव के लोगों ने निजी एंबुलेंस से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी कमलेश राय ने बताया कि विभाग भालुओं के हमले से घायल ग्रामीणों की उपचार की व्यवस्था कर रहा है। संग्राहकों को शाम के समय जंगल नहीं जाने के संबंध मुनादी कराई जा रही है।

### कोलडीहा जंगल में पहाड़ पर मिला युवक का कंकाल

**अम्बिकापुर।** शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत कोलडीहा जंगल में नर कंकाल मिला है। मृतक का शव पहाड़ के ऊपर मिला है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। युवक का शव संदेहास्पद ढंग से मिला है ऐसे में उसकी हत्या किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है लेकिन पुलिस शिनाख्त व पीएम के बाद ही वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है। बताया जा रहा है कि शहर से लगे कोलडीहा के जंगल में पहाड़ के ऊपर ग्रामीणों को एक नर कंकाल मिला था। मृतक का शरीर लगभग गल चुका था। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। मृतक का शरीर लगभग गल चुका था इसके साथ ही पेड़ पर युवक का गमछा लटका हुआ था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है लेकिन युवक आत्म हत्या जंगल में कहीं भी कर सकता था और इसके लिए उसे पहाड़ चढ़ने की आवश्यकता नहीं थी। ऐसे में युवक की मौत संदेहास्पद मानी जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है ऐसे में पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बलरामपुर।** चंपापुर निवासी 25 वर्षीय अनूप आ. सुन्दर कोड़ाकु डीजे बजाने का काम करता है और किसी काम से बलरामपुर के ग्राम ओबरी आया हुआ था। युवक बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 30 ई 2383 का चालक रामानुजगंज निवासी मुकेश आ. परमेश्वर बलरामपुर से रामानुजगंज की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग ढाई बजे नेशनल हाईवे 343 पर महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के सामने कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

## सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के कनबेरी मार्ग का मामला

# ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत कनबेरी सर्वमंगला मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट मे ले लिया। इस सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। बाइक सवार की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर सर्वमंगला पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देते हुए तत्काल सहायता राशि 25 हजार रुपए देते हुए चक्काजाम को समाप्त कराया।

**खास बात**

- 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि के बाद चक्काजाम समाप्त

जानकारी के अनुसार जिले के सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत कनबेरी मार्ग में बीते बुधवार की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार ग्राम खैरभावना निवासी तीजराम यादव उम्र लगभग 50 वर्ष, चमन दास उम्र 60 वर्ष को एक ट्रेलर चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों के सिर में गंभीर चोट आई है। आसपास के ग्रामीणों ने जैसे तैसे दोनों को अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीण की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने प्रशासन की ओर से सहायता राशि के रुप में 25 हजार रुपए दिए। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।



मार्ग में लगा जाम।

### दुकान के सामने मिला शव

गुरुवार की सुबह कोरबा कोतवाली थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर नर्मदा इंजीनियरिंग दुकान के सामने अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी सूचना दुकान संचालक ने डायल 112 को दी। जिसके बाद डायल 112 मौके पर पंहुची। मृतक की पहचान के प्रयास के साथ साथ घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा की मौत के पीछे कारण क्या है। प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

### बैक के पास मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश



कुसमुंडा में पुराना बैक खमरिया के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुरुवार की सुबह कुसमुंडा के पुराना बैंक खम्हरिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश रेलवे ट्रेक में देखी गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से कुछ दूर में एक मोटर साइकिल भी खड़ी है। जिसका नंबर सीजी 12 बीजी 9561 है। पुलिस बाइक के आधार पर मृतक की शिनाख्ती कार्यवाही में जुटी हुई है।

# हितग्राही को प्रदान की गई सहायता राशि



हितग्राही को राशि प्रदान करते बैंक प्रबंधक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भैसमा के खाताधारक की मृत्यु पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत उसके नॉमिनी को 2 लाख रूपये की राशी प्रदान की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करुमौहा निवासी शत्रुघन लाल धीरहे की मृत्यु ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा के कॉमर्शियल काम्प्लेक्स में आग लगने की घटना में हो गयी थी। शाखा को खाताधारक की दुर्घटना में मृत्यु होने की बात पता लगने पर उनके परिवार से संपर्क कर खाते में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा होने की जानकारी प्रदान की गयी, इसके सम्बन्ध में शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक राहुल खण्डेलवाल ने उनके नॉमिनी से प्राप्त सभी दस्तावेज को क्लेम की राशी हेतु बीमा कंपनी को प्रेषित किया गया। बीमा क्लेम की चेक की राशी दो लाख रूपये खाताधारक की पत्नी श्रीमती मोहन बाई को शाखा प्रबंधक राहुल खण्डेलवाल एवं कैशियर मुकेश सिंह की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# शहर की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे ब्लैक फिल्म लगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भीषण गर्मी में लक्जरी कार व अन्य वाहनों में काला शीशा का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लोग भीषण गर्मी में अपने वाहनों में काला शीशा का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। यातायात विभाग काला शीशा जांच के नाम पर केवल कोरम पूरा कर रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक वाहनों में काला शीशा का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

काला शीशा के बढ़ते चलन को लेकर जिले में यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगा है। क्योंकि सडक़ों में 50 फीसदी वाहनों में काला शीशा का इस्तेमाल हो रहा है। इससे सुप्रीम कोर्ट के नियमों की धज्जियां उड़ रही है। पांच साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने काला शीशा को लेकर बड़ा नियम बनाया था। जिससें साफ उल्लेख किया गया था कि काला शीशा के आड़ में वाहनों के माध्यम से काले कारनामे किए जाते हैं। इससे अपराध को बढ़ावा मिलता है। जब नियम बना तो या ता या त विभाग ने लगातार कार्रवाई की थी। सैकड़ों वाहनों से सभी थाना क्षेत्र की पुलिस ने समन शुल्क के रूप में लाखों रुपए वसूल की थी। धीरे धीरे इसकी चाल सुस्त पड़ गई और यातायात पुलिस ने अभियान चलाना ही बंद कर दिया। आखिरकार जिन्होंने अपनी लक्जरी कार व वाहनों से काला शीशा निकलवाया था उसे फिर लगवा लिया। जिसके चलते फिर से अपराध को एबढ़ावा मिल रहा है। यातायात विभाग ऐसे वाहनों को रोकने के बजाए नजर अंदाज कर रही है। यानी जांच के नाम पर यातायात पुलिस केवल खानापूर्ति कर रही है। जिसके चलते ऐसे वाहनों की लगातार बढ़ रही है।

# छग भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा सरोज को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के छग प्रदेशाध्यक्ष अशोक मोदी ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डे से सौजन्य भेंटकर उन्हे लोकसभा चुनाव में विजयी होने की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही छग के समस्त व्यापारियों की ओर से उन्हे ज्ञापन दिया।

उक्त ज्ञापन में उन्होंने व्यापारी सुरक्षा आयोग की स्थापना, व्यापारी कल्याण कोष की स्थापना, व्यापारियों की सामाजिक सुरक्षा, एकल कर प्रणाली का सरलीकरण, व्यापारी पेंशन योजना प्रारम्भ करने की मांग रखी है इसके अलावा व्यापारियों को होने वाली असुविधा पर उनका ध्यान आकर्षित किया तथा बताया कि वर्तमान में जीएसटी की जटिल प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसकी प्रक्रिया को पूर्ण करने मे ही व्यापारियों का पूरा समय निकल जाता है तो व्यापारी अपना व्यापार कब करेगा। साथ ही उन्होने बताया कि व्यापारी अपने पुराने केस को लेकर काफी चितित एवं व्यथित है तो प्रदेश सरकार को उत्तरप्रदेश सरकार और हरियाणा सरकार की तरह ही सेटलमेंट स्कीम लाकर पुराने सभी केस को सेटल कर व्यापारियों को राहत प्रदान करना चाहिये। सरकार व्यापारियों को जितना सहयोग करेगी व्यापारी उतना अधिक राजस्व सरकार को देगी। अशोक मोदी ने बताया कि व्यापारी भाजपा के शासनकाल में प्रसन्न एवं सुखी है। पूर्व की सरकार में जिस प्रकार 16 से भी अधिक टेक्स हुआ करती थी उससे भाजपा सरकार ने व्यापारियों को राहत दिलाया एवं देश में एक कर प्रणाली जीएसटी लागू की किन्तु व्यापारी ये चाहते है कि जीएसटी का और सरलीकरण किया जाये। सरोज पाण्डे ने भी उनके ज्ञापन पर आश्वासन देते हुए कहा कि वे निश्चित ही व्यापारियों के हितार्थ यथासंभव प्रयास कर उनकी मांग को पूरा कराने का प्रयास करेगी। इस अवसर पर मोदी के साथ भगवती प्रसाद गोयनका, अंकित गोयनका, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, आशुजोष अग्रवाल, डॉ. राजीव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य।

# जल आपूर्ति बाधित, नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत खनन प्रभावित वार्ड 63 मोंगरा के प्रभावित गांवो बांकी बस्ती, मड़वाढोढा, पुरैना में निगम द्वारा टेप नल के माध्यम से जल आपूर्ति की जाती है कई दिनों तक पानी बंद रहने से परेशान ग्रामीणों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पार्षद राजकुमारी कंवर के नेतृत्व में बांकीमोंगरा पालिका के कार्यालय का घेराव कर दिया। घेराव के बाद सीएमओ ने चर्चा के लिए बुलाया माकपा पार्षद ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर बांकीमोंगरा के मुख्य मार्ग पर 16 मई को चक्काजाम करने की चेतवानी दी है।

**खास बात**

- बांकी बस्ती, पुरैना, मड़वाढोढ़ा में जलापूर्ति की मांग को लेकर 16 को चक्काजाम की चेतावनी



प्रदर्शन करते प्रभावित ग्रामीण।

उल्लेखनीय है कि वार्ड 63 मोंगरा कोयला खनन के कारण खनन प्रभावित गांवों में जल स्तर काफी गिर चुका है और अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसईसीएल ही पीने, निस्तारी और सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध करते आया है लेकिन बांकी खदान बंद होने के बाद अब एसईसीएल द्वारा इन बांकी बस्ती, पुरैना, मड़वाढोढा गांवों में जल आपूर्ति रोक दी गई है, जिससे यहां के ग्रामीणों का दैनिक दिनचर्या गड़बड़ा गई है। नगर निगम द्वारा घर घर टेप नल लगाकर पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया लेकिन निगम जल आपूर्ति करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है और वार्डो में बोर होल में चालू सबमर्शिबल पम्प लगे थे उसे भी निगम के कर्मचारी द्वारा खोलकर ले जाया गया कि टेप नल चालू हो गया है। जिससे जल संकट और भी बढ़ गया है। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने आरोप लगाया कि निगम द्वारा पालिका बनने के बाद से चालू पंपों को खोलकर ले जाना जिससे जल संकट और गहराया है निगम के अधिकारियों का अमानवीय चेहरा सामने आया है। निगम प्रशासन द्वारा जल आपूर्ति पूरी तरह फेल है और चालू पंपों को खोलकर ले जाने से जल संकट और गहरा गया है। जल आपूर्ति सही नहीं हुआ तो माकपा ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़को पर उतरकर आंदोलन करेगी। माकपा की मोंगरा वार्ड पार्षद राजकुमारी कंवर ने कहा कि नगर निगम ने हर समय बांकी मोंगरा क्षेत्र का उपेक्षा किया है। निगम द्वारा चालू बोर होल से मोटर निकालकर ले जाया गया है जिसका माकपा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि पेयजल प्रभावित गांवों में निगम और पालीका द्वारा पूर्व की तरह बोर होल में पम्प लगाकर जल आपूर्ति करना होगा।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांस लेने में दिक्कत होने पर एक महिला को उपचार के लिए एसईसीएल मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत में सुधार नहीं होता देख परिजनों ने चिकित्सक अचिंतय कुमार से महिला को तत्काल अपोलो रेफर करने की मांग की गई पर चिकित्सको ने रेफर करने से इंकार करते हुए अस्पताल में ही चिकित्सा उपलब्ध कराने की बात कही गई। हालत में सुधार नहीं होने के बाद भी डा अपूर्व शर्मा द्वारा रेफर करने में आनाकानी की गई। आखिरकार मरीज की हालत बुरी तरह खराब होने के बाद मरीज को अपोलो रेफर किया गया लेकिन अपोलो पहुंचने के दौरान महिला की मौत हो गई। इस मामले में मृतका के परिजनों ने मानिकपुर चौकी में अस्पताल के चिकित्सको और अन्य स्टाफ के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरपा रोड पुरानी बस्ती निवासी चुन्नी लाल राजवाड़े अपनी माता श्रीमती गोदावरी बाई उम्र लगभग 81 वर्ष को सीने में कफ जमने के कारण सास लेने में कठिनाई होने पर इलाज के लिए एसईसीएल मुख्य अस्पताल मुडापार में 10 फरवरी को भर्ती कराया था। अस्पताल में डॉ. अचिंत्य कुमार के द्वारा चिकित्सा प्रारंभ किया गया लेकिन अपनी माता गोदावरी बाई के स्वास्थ्य को देखते हुए चुन्नी लाल राजवाड़े द्वारा डॉ. अचिंत्य कुमार से अपनी माता को अपोलो अस्पताल रिफर करने का निवेदन किया गया। जिस पर चिकित्क द्वारा अपोलो रेफर करने से इंकार कर दिया और एसईसीएल मुख्य अस्पताल मुडापार में ही इलाज किया जा रहा था तथा गोदावरी बाई की तबियत और ज्यादा खराब होने लगी और गोदावरी बाई की मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने चिकित्सा में लापरवाही का आरोप लगाते हुए इस मामले की शिकायत मानिकपुर पुलिस चौकी में की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## इनडोर व आउटडोर खेलों की बारीकियों से हुए रुबरु

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा क्लासिकल गीत-संगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी में पिछले 15 दिनों से आयोजित किए जा रहे समर कैंप का 8 मई को समापन किया गया। इस कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों के साथ गीत-संगीत और योग की प्राचीन कला में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में शामिल होकर सीखने वाले बच्चों ने भी समापन समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। सभी ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैंप के अंतिम दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का भी आयोजन किया गया। यह कैंप 23 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था, जिसमें 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कैंप में विद्यार्थियों को क्रिकेट, बास्केटबाल, टेबिल टेनिस, वॉलीबाल, शतरंज एवं एथलेटिक्स में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान अनुभवी कोच शैलेन्द्र सिंह एवं दिव्या सोना द्वारा उन्हें खेलों की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया गया। सांस्कृतिक विधाओं में बच्चों को शास्त्रीय गायन, वाद्य यंत्र, विभिन्न रागों एवं विभिन्न क्लासिकल नृत्य का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस विधा में विद्यार्थियों को सुधीन दास एवं दीपा तांडिया ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।



शिविर में भाग लेते स्कूली छात्र।

समर कैंप के दौरान आयोजित योग की पाठशाला में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह एवं अनुशासन से भाग लिया। समर कैंप को सुचारू रूप से संचालित करने एवं प्रशिक्षण में डीपीएस एनटीपीसी के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, कोच तथा अभिभावकों का सतत सहयोग सराहनीय रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शशि शेखर, अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन, एनटीपीसी, कोरबा ने अपने उदबोधन में समर कैंप को डीपीएस द्वारा एक अभिनव पहल बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में यह शिविर काफी लाभदायक साबित होगा। समारोह में डॉ. विनोद कोलहाटकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनटीपीसी हास्पिटल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा अभिभावकगण एवं विद्यालय के शिक्षकगणों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए समापन समारोह की शोभा बढ़ाई।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं तो जुड़े हरिभूमि के साथ ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया, मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की।
फील्ड एक्जीक्यूटिव-10 पद
वेतन+ इंसेंटिव, योग्यतानुसार
न्यूनतम योग्यता
♦ 10+2 वीं उत्तीर्ण ♦ अधिकतम आयु 30 वर्ष
♦ उचित निर्णय लेने में सक्षम हो
इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अतिशीघ्र संपर्क करें।
मिलने का समय
1.00 से 4.00 बजे तक
हरिभूमि
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411